हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
सोमवार, 09 अक्तूबर 2017, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 20 संस्करण
www.livehindustan.com

बिमटेक में कविताओं के जरिये देशप्रेम का संचार

उत्साह

ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

बिमटेक इंस्टीट्यूट के स्थापना दिवस पर चल रहे सबरंग उत्सव का समापन कवि सम्मेलन से हुआ। इसमें कवियों ने देश प्रेम से ओतप्रोत रचनाएं सुनाईं। इसे सुनकर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं।

प्रोफेसर सलोनी सिन्हा ने बताया कि दस दिनों तक चलने वाले कार्यक्रमों के दौरान छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति से परिचित कराया गया। अंतिम दिन कवि सम्मेलन में हिंदी और उर्दू कवियों ने कविता और शायरी पढ़ी। राहत इंदौरी ने समाजिक परिवेश पर

सबरंग उत्सव

- इंस्टीट्यूट में स्थापना उत्सव का रविवार को अंतिम दिन
- विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति से परिचित कराया गया

कटाक्ष करते हुए कहा कि ये लोग जो फरिश्तों से बने फिरते हैं मेरे हत्थे कभी चढ़ जाए तो इंसा हो जाए, कविता सुनाईं।

कवि सम्मेलन के दौरान मनिवीर मधुर, राम सरीन, वर्षा गोरचिया, बिपुल कुमार, पुनीत कुसुम ने कविताएं पढ़ीं। सम्मेलन के दौरान विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के अंत तक वे डटे रहे।

बिमटेक इंस्टीट्यूट के स्थापना दिवस पर चल रहे सबरंग उत्सव में रविवार को कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। • हिन्दुस्तान